icmr | NIRTH
INDIAN COUNCIL OF MEDICAL RESEARCH
NATIONAL INSTITUTE OF RESEARCH IN TRIBAL HEALTH

आईसीएमआर–राष्ट्रीय जनजाति स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार
कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार
ICMR - National Institute of Research in Tribal Health
Department of Health Research, Ministry of Health
and Family Welfare, Government of India

सं. राजस्वाअसं/हिंदी-पखवाड़ा/ 1235 /2023 दिनांक : 18.09.2023

18 SEP 2023

## परिपत्र

कार्यालय परिपत्र संख्या 1097 दिनांक 21.08.2023 एवं परिपत्र संख्या 1111 दिनांक 24.08.2023 के संदर्भ में सूचित किया जाता है कि 'हिंदी पखवाड़ा-2023' के अंतर्गत आयोजित निम्नलिखित हिंदी प्रतियोगिताओं के लिए दिनांक 15.09.2023 तक प्रतिभागियों से नाम आमंत्रित किए गए थे :-

1. हिंदी टंकण (कंप्यूटर पर, कृतिदेव या मंगल फोंट्स)
2. हिंदी निबंध-लेखन (विषय के लिए कृपया सूचना-पटल देखें)
3. हिंदी वाद-विवाद (नियमित स्टाफ एवं परियोजना स्टाफ/छात्रों व छात्राओं के लिए अलग-अलग) (विषय के लिए कृपया सूचना-पटल देखें)
4. हिंदी कविता-पाठ

कुछ प्रतियोगिताओं, जैसे हिंदी-टंकण और वाद-विवाद प्रतियोगिता में काफी कम संख्या में नाम प्राप्त हुए हैं। इसलिए उपर्युक्त चारों हिंदी प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु नाम देने की अंतिम तारीख दिनांक 20.09.2023 को प्रातः 10.30 बजे तक बढ़ाई जाती है।

यह परिपत्र निदेशक महोदय के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

राजेन्द्र
(राजेन्द्र कुमार ठाकुर)
प्रशासनिक अधिकारी
कृते निदेशक

प्रति,

संस्थान के सभी वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों, परियोजना स्टाफ एवं स्टूडेंट्स को उनके ई-मेल पर सूचनार्थ

प्रतिलिपि :

1. निदेशक कार्यालय - सूचनार्थ/ ई-मेल पर भेजने हेतु।
2. समस्त सूचना-पटल
3. संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु ।

ICMR — INDIAN COUNCIL OF MEDICAL RESEARCH | NIRTH — NATIONAL INSTITUTE OF RESEARCH IN TRIBAL HEALTH

आईसीएमआर–राष्ट्रीय जनजाति स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार
कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार
ICMR - National Institute of Research in Tribal Health
Department of Health Research, Ministry of Health
and Family Welfare, Government of India

सं. राजस्वाअसं/हिंदी-पखवाड़ा/ /2023 दिनांक : 23.08.2023

## शुद्धि-पत्र (Corrigendum)

कृपया इस कार्यालय के परिपत्र संख्या- 1097 दिनांक 21 अगस्त 2023 का अवलोकन करें, जिसमें संस्थान में 'हिंदी-पखवाड़ा' (14-29 सितंबर, 2023) के दौरान विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं के आयोजन के बारे में सूचित किया गया है। इसमें त्रुटिवश प्रतियोगिताओं के आयोजन की दिनांक में वर्ष 2022 लिखा हुआ है, जिसे कृपया 2023 पढ़ा जाए।

तदनुसार संशोधन उपरांत इस वर्ष 'हिंदी-पखवाड़े' में हिंदी प्रतियोगिताओं के आयोजन का कार्यक्रम निम्नानुसार रहेगा :-

| क्र.सं. | प्रतियोगिता का नाम | आयोजन दिनांक | प्रतियोगिता-स्थल एवं समय | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | हिंदी टंकण प्रतियोगिता (कंप्यूटर पर, कृतिदेव या मंगल फोंट्स) समय : 10 मिनट | 20-9-2023 | स्थापना अनुभाग<br>पूर्वाह्न 11 बजे से | नियमित स्टाफ हेतु |
| 2 | हिंदी निबंध-लेखन प्रतियोगिता : समय 1 घंटा<br>विषय: "जनजातियों का सामाजिक-आर्थिक विकास होने के साथ-साथ उनकी स्वास्थ्य स्थिति बेहतर होना संभव है" | 21-9-2023 | सम्मेलन-कक्ष (कॉन्फ्रेंस-हॉल)<br>पूर्वाह्न 11 बजे से | |
| 3 | हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता (नियमित स्टाफ):<br>समय : 7 मिनट प्रति प्रतिभागी<br>विषय: "जनजाति समुदाय आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं का उपयोग प्रभावी तरीके से नहीं कर रहे हैं" - (पक्ष-विपक्ष) | 22-9-2023 | प्रेक्षा-गृह (ऑडिटोरियम)<br>अपराह्न 3 बजे से | |
| 4 | हिंदी कविता-पाठ : समय 7 मिनट (स्वरचित के लिए 10% विशेष अंक) | 25-9-2023 | प्रेक्षा-गृह (ऑडिटोरियम)<br>अपराह्न 3 बजे से | |
| 5 | हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता (परियोजना स्टाफ एवं स्टूडेंट्स) :<br>समय : 7 मिनट प्रति प्रतिभागी<br>विषय: 'आधुनिक चिकित्सा-पद्धति जनजाति समुदायों के लिए हितकर है " - (पक्ष-विपक्ष) | 26-9-2023 | प्रेक्षा-गृह (ऑडिटोरियम)<br>अपराह्न 3 बजे से | परियोजना स्टाफ एवं स्टूडेंट्स हेतु |

प्रतियोगिताओं के आयोजन के अन्य नियम एवं शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। निर्धारित प्रपत्र में भरकर प्रविष्टि देने की अंतिम तारीख **15.09.2023** है।

यह निदेशक महोदय के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

(राजेन्द्र कुमार ठाकुर)
प्रशासनिक अधिकारी
कृते निदेशक

प्रति,

संस्थान के सभी वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों, परियोजना स्टाफ एवं स्टूडेंट्स को उनके ई-मेल पर सूचनार्थ

प्रतिलिपि :

1. निदेशक कार्यालय - सूचनार्थ/ ~~ई-मेल~~ पर भेजने हेतु।
2. समस्त सूचना-पटल

अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है। 23.8.23

प्रशा. अधि. शुद्धि-पत्र अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।
राजेन्द्र 23/8/2023

निदेशक महो.
23/08/23

icmr | NIRTH
INDIAN COUNCIL OF MEDICAL RESEARCH | NATIONAL INSTITUTE OF RESEARCH IN TRIBAL HEALTH

आईसीएमआर–राष्ट्रीय जनजाति स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार
ICMR - National Institute of Research in Tribal Health
Department of Health Research, Ministry of Health and Family Welfare, Government of India

O/C

सं. राजस्वाअसं/हिंदी-पखवाड़ा/ 1097 /2023 दिनांक : .08.2022

21 AUG 2023

## परिपत्र

सरकार की राजभाषा नीति प्रेरणा, प्रोत्साहन एवं सद्भावना पर आधारित है। भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के निर्देशानुसार, सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने के लिए उत्साहवर्धक वातावरण सृजित करने के उद्देश्य से प्रति वर्ष हिंदी-दिवस/पखवाड़ा मनाया जाता है और इसके अंतर्गत सरकारी कर्मचारियों के प्रोत्साहन के लिए अनेक हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है।

राजभाषा विभाग द्वारा 14-15 सितंबर, 2023 को पुणे में हिंदी-दिवस एवं तृतीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के संयुक्त आयोजन के कारण उनके निर्देशों के अनुसार, इस वर्ष संस्थान में "हिंदी-पखवाड़ा" दिनांक 14-09-2023 को 'हिंदी-दिवस' से प्रारंभ कर 29-09-2023 तक मनाया जाएगा।

निदेशक महोदय द्वारा सभी से अपील की जाती है कि इस दौरान अपना सरकारी कामकाज यथासंभव अधिकाधिक राजभाषा हिंदी में निष्पादित करें।

इस वर्ष 'हिंदी-पखवाड़े' के अंतर्गत निम्नलिखित हिंदी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी :-

| क्र.सं. | प्रतियोगिता का नाम | आयोजन दिनांक | प्रतियोगिता-स्थल एवं समय | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | हिंदी टंकण प्रतियोगिता (कंप्यूटर पर, कृतिदेव या मंगल फोंट्स) समय : 10 मिनट | 20-9-2022 | स्थापना अनुभाग<br>पूर्वाह्न 11 बजे से | नियमित स्टाफ हेतु |
| 2 | हिंदी निबंध-लेखन प्रतियोगिता : समय 1 घंटा<br>विषय: "जनजातियों का सामाजिक-आर्थिक विकास होने के साथ-साथ उनकी स्वास्थ्य स्थिति बेहतर होना संभव है" | 21-9-2022 | सम्मेलन-कक्ष (कॉन्फ्रेंस-हॉल)<br>पूर्वाह्न 11 बजे से | |
| 3 | हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता (नियमित स्टाफ):<br>समय : 7 मिनट प्रति प्रतिभागी<br>विषय: "जनजाति समुदाय आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं का उपयोग प्रभावी तरीके से नहीं कर रहे हैं" - (पक्ष-विपक्ष) | 22-9-2022 | प्रेक्षा-गृह (ऑडिटोरियम)<br>अपराह्न 3 बजे से | |
| 4 | हिंदी कविता-पाठ : समय 7 मिनट (स्वरचित के लिए 10% विशेष अंक) | 25-9-2022 | प्रेक्षा-गृह (ऑडिटोरियम)<br>अपराह्न 3 बजे से | |
| 5 | हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता<br>(परियोजना स्टाफ एवं स्टूडेंट्स) :<br>समय : 7 मिनट प्रति प्रतिभागी<br>विषय: 'आधुनिक चिकित्सा-पद्धति जनजाति समुदायों के लिए हितकर है " - (पक्ष-विपक्ष) | 26-9-2022 | प्रेक्षा-गृह (ऑडिटोरियम)<br>अपराह्न 3 बजे से | परियोजना स्टाफ एवं स्टूडेंट्स हेतु |

नोट : 1. हिंदी निबंध-लेखन, हिंदी वाद-विवाद एवं हिंदी कविता-पाठ प्रतियोगिताएं हिंदी-भाषी एवं हिंदीतर भाषी नियमित वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अलग-अलग प्रस्तावित हैं। हिंदीतर-भाषी होने के लिए मैट्रिक/हायर सेकंडरी/12वीं स्तर की शिक्षा 'ख' एवं 'ग' क्षेत्र के राज्यों से होना एवं उनकी मातृभाषा हिंदी के अलावा होनी चाहिए, यह जानकारी प्रतियोगिता के आवेदन में देनी है।

2. हिंदीतर-भाषी समूह के लिए अलग से 5 से कम प्रतियोगी होने पर उन्हें हिंदीभाषी समूह के साथ ही रखते हुए प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। ऐसी स्थिति में निर्णायक-मंडल द्वारा हिंदीतर भाषी प्रतियोगियों को 10% अतिरिक्त अंक दिए जाएंगे।

3. परियोजना स्टाफ एवं स्टूडेंट्स के लिए वाद-विवाद प्रतियोगिता एक ही समूह (हिंदीभाषी एवं हिंदीतर भाषी मिलाकर) में आयोजित की जाएगी।

4. प्रत्येक प्रतियोगिता के लिए न्यूनतम 5 (पांच) प्रतियोगी होना अनिवार्य है, इससे कम प्रविष्टियां प्राप्त होने पर वह प्रतियोगिता निरस्त कर दी जाएगी।

पृष्ठ 2 पर जारी ....

**नकद पुरस्कार :** प्रत्येक प्रतियोगिता में 5 नकद पुरस्कार होंगे -

| | |
|---|---|
| प्रथम पुरस्कार | - ₹ 5000/- |
| द्वितीय पुरस्कार | - ₹ 3000/- |
| तृतीय पुरस्कार | - ₹ 2000/- |
| सांत्वना पुरस्कार (दो) | - ₹ 1000/- (प्रत्येक) |

अतः संस्थान के वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों एवं परियोजना स्टाफ व स्टूडेंट्स से अनरोध है कि कृपया अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर 'हिंदी-दिवस/पखवाड़े' के आयोजन को सफल बनाएं। प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए आवेदन प्रपत्र (हिंदी-कक्ष स्थापना अनुभाग में उपलब्ध) में जानकारी भरकर देने की अंतिम तारीख **15.09.2023** है।

यह परिपत्र निदेशक महोदय के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

राजेन्द्र

(राजेन्द्र कुमार ठाकुर)
प्रशासनिक अधिकारी
कृते निदेशक

प्रति,

संस्थान के सभी वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों, परियोजना स्टाफ एवं स्टूडेंट्स को उनके ई-मेल पर सूचनार्थ

प्रतिलिपि :

1. निदेशक कार्यालय - सूचनार्थ/ ई-मेल पर भेजने हेतु।
2. समस्त सूचना-पटल
3. संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु ।
4. श्री जगदीश प्रसाद ठाकुर, तकनीशियन-2 : हिंदी-पखवाड़ा-2023 के दो और राजभाषा पुरस्कार वितरण समारोह-2023 का एक बैनर बनवाने व यथा-स्थान लगवाने हेतु।

एनआईआरटीएच काम्प्लेक्स, नागपुर मार्ग, पो.ऑ. गढ़ा, जबलपुर, मध्य प्रदेश– 482 003, भारत
NIRTH Complex, Nagpur Road, P.O. Garha, Jabalpur, Madhya Pradesh – 482 003, India
Tel: +91-761-2370800
Fax: +91-761-2672835
www.nirth.res.in

विश्व स्वास्थ्य संगठन
जनजाति स्वास्थ्य के लिए सहयोगी केंद्र
World Health Organization
Collaborating Centre for the Health of Indigenous Populations